# हीटर तापते छू गई मैक्सी धू-धूकर जल गई वृद्धा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कैंपस में आग ताप रही वृद्धा की मैक्सी हीटर में छू गई जिससे वृद्धा धू-धूकर जलने लगीं। परिजनों ने आग बुझाकर हैलट पहुंचाया। जहां से उर्सला रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान वृद्धा ने दम तोड़ दिया।

मेडिकल कॉलेज कैंपस में टाइप 2 में रहने वाले लैब प्रभारी अभय श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को उनकी 76 वर्षीय मां गिरजा श्रीवास्तव पत्नी सरोज के साथ दोपहर एक बजे के आसपास हीटर ताप रहीं थीं। इसी दौरान हीटर को बंद करने में मां की मैक्सी हीटर में छू गई। जिससे मैक्सी में तुरंत आग पकड़ ली।



गिरजा श्रीवास्तव।

पत्नी की सूचना पर वह घर पहुंचे। जहां 75 प्रतिशत से ज्यादा मां आग की चपेट में आने से जल चुकी थी। उर्सला में रात आठ बजे उनकी सांसें थम गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अंगीठी तापते समय जली महिला, मौत

पनकी थानाक्षेत्र में आग तापते समय महिला की मौत हो गई। पनका बहादुर निवासी सुधीर चंद्र बंशी ने बताया कि उनकी पत्नी 45 वर्षीय बेबी चंद्र बंशी 18 जनवरी को मैक्सी पहनकर रात में अंगीठी में आग ताप रही थीं। इसी दौरान किसी तरह मैक्सी में आग पकड़ ली। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गईं। अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। पनकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में अधेड़ का शव जंगल में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिवारीजनों ने पत्नी पर हत्या कराने का आरोप लगाकर हंगामा किया।

भारू बिधनू निवासी 45 वर्षीय मजदूर राजेश उर्फ खन्ना बुधवार रात 11 बजे घर से निकल गया था। गुरुवार शाम चार बजे चरवाहों ने जंगल में शव फंदे से लटकने की सूचना दी। परिजनों ने पत्नी अनीता पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया तो फोर्स बुला ली गई।

**सार्वजनिक सूचना**

एक किता 12/111 ग्वालटोली कानपुर नगर रकबा 82.14 वर्गगज को श्री भारत सिंह परिहार, करन सिंह परिहार व सुकेश सिंह परिहार द्वारा एस0एम0एफ0जी0 इण्डिया होम फाइनेन्स कम्पनी लिमिटेड में बन्धक रखा जा रहा है, उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित असल विक्रय विलेख दिनांकित 13/01/1991 लिखित श्री भगवती प्रसाद गुप्ता बहक श्री सुभाष चन्द्र, मनोज कुमार व श्री प्रेम कुमार जिसका पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 3686 के पृष्ठ संख्या 01 से 24 पर क्रमांक संख्या 7777 पर पंजीकृत है कही खो गया है, यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो तो वह 07 दिनो के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करे। किसी के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जायेगा।

भारत भटनागर, एडवोकेट
कर्यालय- कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड
कानपुर नगर, मे0न0 9839034426

## चौथी मंजिल से लिफ्ट की डक में गिरा व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मौत, परिजनों ने ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार।** फीलखाना थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन बिल्डिंग को देखने गए व्यापारी चौथी मंजिल से लिफ्ट की खुली डक में गिर गए। अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिल्डिंग ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस को सूचना दी गई है।

पटकापुर निवासी 68 वर्षीय बशीर अहमद की शिवाला में गारमेंट्स की दुकान है। बेटे जमीर और समीर ने बताया कि पिता ने बिल्डर हाजी नफीस को फ्लैट बनवाने का एग्रीमेंट दिया था। बुधवार को वह निर्माणाधीन बिल्डिंग को देखने गए थे। इसी दौरान वह चौथी मंजिल के खुले डक से नीचे गिर गए। वहां मौजूद लोग उन्हें सिविल लाइंस के निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटों ने आरोप लगाया कि कई बार ठेकेदार से डक को बंद करने के लिए कहा गया। लेकिन उसने लापरवाही बरती। इस कारण उनके पिता की जान चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी यहां से गिरकर तीन मजदूर घायल हो चुके हैं। इसके बाद भी ठेकेदार नहीं चेता। इस संबंध में फीलखाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बीमारी से तंग आकर जान दी

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में रोशन नगर निवासी 52 वर्षीय महताब आलम ने डिप्रेशन में फांसी लगाकर जान दे दी।

मृतक के भाई आफाक और क्रूज ने बताया कि पत्नी से तलाक के बाद वह अवसाद में रहता था। बुधवार रात वह अपने कमरे में सोने चले गए। इसके बाद गुरुवार सुबह कमरे से बाहर नहीं आए। अंदर जाकर देखा तो पंखे से मफलर के सहारे फांसी पर शव लटका मिला।

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**जल अमूल्य निधि है** | **जल ही जीवन है**

जलकल विभाग, नगर निगम, कानपुर

जल संरक्षण के हित में उपभोक्ताओं से अपील

| क्रम सं0 | क्या करे | क्रम सं0 | क्या न करे |
|---|---|---|---|
| 1- | जलकल विभाग द्वारा आपूर्तित अथवा इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्प का पानी पीने में प्रयोग करें। | 1- | अनाधिकृत रूप से ठेलियों/ट्राली पर पानी बेचने वालों के पानी का प्रयोग न करें। |
| 2- | आपकी पाइप लाइन नाली अथवा किसी अन्य गन्दे स्थान से हो कर जा रही हो तो पंजीकृत प्लम्बर से उसका मार्ग परिवर्तित करा लें अथवा इस पर केसिंग पाइप अवश्य लगवा लें। सर्विस पाइप लाइन पुरानी अथवा क्षतिग्रस्त हो गयी हो तो उसे तत्काल बदलवा लें। अन्यथा गन्दा पानी पेयजल को प्रदूषित करेगा। | 2- | पानी की लाइन में बूस्टर पम्प लगा कर, सीधे पानी न लें। यदि आवश्यक हो तो टब अथवा टैंक में जलकल के नल से पानी एकत्र कर उसे बूस्टर पम्प द्वारा ऊपर चढ़ायें। |
| 3- | हैण्डपम्प का प्लेट फार्म साफ रखें। | 3- | हैण्डपम्प के चारों तरफ गन्दा पानी एवं गन्दगी न एकत्र होने दें। |
| 4- | गन्दा पानी आने पर जलकल विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय अथवा जलकल विभाग के कन्ट्रोल रूम नं0–9235553827 पर फोन कर अवगत करायें। | 4- | सीवर मेनहोल में कूड़ा करकट न डालें तथा मेनहोल खुला होने पर तत्काल कन्ट्रोल रूम को सूचित करें। |
| 5- | जलकल विभाग की पाइप लाइन में लीकेज/सीवर समस्या होने पर तत्काल जलकल विभाग के कंट्रोल रूम नं0–9235553827 पर इसकी जानकारी दें। | 5- | पानी लेने के बाद नल/स्टैण्ड पोस्ट खुला न छोड़ें। पानी का भण्डारण करें व अपव्यय रोकें। |
| 6- | पानी एकत्र करने के लिये ढक्कन युक्त साफ बर्तन का प्रयोग करें। | 6- | पानी के बर्तन में हाथ न डालें, पानी निकालने के लिये लम्बे हैन्डल के बर्तन का प्रयोग करें। |

जन सामान्य के अच्छे भविष्य हेतु जल – संरक्षण

1- बैठको सेमीनारों प्रदर्शनियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जहाँ पेयजल आवश्यक हो, एक लीटर के पानी के बोतल के स्थान पर 250–300 मिली0 के पानी के बोतल का इस्तेमाल किया जाये, जिससे इस अमूल्य धरोहर को अपव्यय से बचा जा सके।
2- जन सामान्य पानी पीने हेतु छोटे बर्तन/गिलास का उपयोग करें। प्रायः यह देखा जाता है कि लोग बड़े गिलास/बर्तन में पानी लेकर एक या दो घूंट पानी पीने के बाद शेष पानी फेंक देते हैं। इस लिये उतना ही पानी लिया जाये जिसे पिया जा सके।
3- प्रायः यह देखा जाता है कि लोग पीने के पानी (ट्रीटेड) से अपने लान, किचेन, गार्डेन, फूलों की क्यारियों की सिचाई तथा गर्मियों में घर के सामने की सड़क भिगाते हैं ताकि धूल न उड़े। जनमानस से अनुरोध किया जाता है कि पेयजल की महत्ता को पहचाने एवं इस अमूल्य धरोहर/संसाधन को अपव्यय से बचने का प्रयास करें।
4- ताजा पानी के उपयोग हेतु सांय/विगत दिवस में संरक्षित पीने के पानी को न फेके/बर्बाद न करें उसे अन्य कार्य में उपयोग में लायें।
5- सर्विस स्टेशनों द्वारा गाड़ी धोने में पीने के पानी का प्रयोग न करें।

नोट– जलकल/जलमूल्य/सीवर कर के बिलों का भुगतान समय से कर छूट का लाभ प्राप्त करें। बिलों का भुगतान जलकल विभाग की वेबसाईट www.jalkalkanpur.in पर आन लाइन भी जमा किये जा सकते है।

महाप्रबन्धक | नगर आयुक्त | महापौर



कार्यालय, निदेशक
हृदय रोग संस्थान, कानपुर

**वर्तमान उपलब्ध सेवायें**

1. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में अबतक कुल 3089 मरीजों का भती कर उपचार किया गया है।, 2. असाध्य रोग निःशुल्क उपचार योजना के अन्तर्गत संस्थान में वित्तीय वर्ष 2013-14 से अभी तक कुल 20447 निर्धन रोगियों का निःशुल्क (फ्री) उपचार किया।, 3. आकस्मिक सेवायें (24ग7), 4. सभी रक्त परीक्षण लिपिड प्रोफाइल तथा ट्राप-टी सहित, 4. सी0टी0 एन्जियो 128 स्लाइस, 5. एक्स-रे तीनों मंजिलों पर बेड साइड एक्स-रे सहित, 6. ई0सी0जी0, 7. होल्टर मानीटरिंग, 8. ईकोकार्डियोग्राफी- आउटडोर, इन्डोर तथा ओ0टी0 में, 9. एंजियोग्राफी- एलेक्टिव तथा इमरजेन्सी, 10. एंजियोप्लास्टी तथा बी0एम0वी0 (बैलूनिंग), 11. पेसमेकर इम्प्लान्टेशन, 12. कार्डियक सर्जरी, बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी, ओपेन हार्ट सर्जरी, बीटिंग हार्ट वाल्व प्रत्यारोपण सर्जरी आदि, 13. लेजर सर्जरी- वैरीकोज वेन्स, 14. वीडियो ब्रांकोस्कोपी, वीडियो इन्डोस्कोपी तथा फॉरेनबाडी रिमूवल, 15. वैस्कुलर सर्जरी- सभी प्रकार की, 16. थोरैसिक सर्जरी- सभी प्रकार की, 17. सूक्ष्म छिद्र प्रणाली सर्जरी (वैट्स), 18. फिजियोथिरैपी एवं कार्डियक रिहैबिलिटेशन 19. प्रथम 24 घण्टे समस्त उपचार निःशुल्क 20. हार्ट अटैक के रोगियों को जीवन रक्षक आकस्मिक सेवायें निःशुल्क-राउन्ड द क्लाक 21. कैथलैब में बेहतर टेस्टिंग हेतु प्टण्ण्ै तथा थ्थ्त् की सुविधा 22. सर्जिकल आइसीयू में पोस्ट आपरेटिव हृदय रोगियों के लिये ब्त्ज् मशीन की सुविधा 23. भर्ती प्रत्येक रोगी व एक तीमारदार को निःशुल्क भोजन (दोनों समय चाय नाश्ता सहित) 24. डिवाइस क्लोज़र (बच्चों के दिल के छेद को बिना आपरेशन बन्द किये जाने) की सुविधा 25. इन्टेन्सिव कोरोनरी केयर तथा सर्जिकल आईसीयू की शैय्याओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि।

**वर्ष 2023 की उपलब्धियाँ**

1.मेडिकल आफिसर, मैट्रन, नर्सिंग आफिसर हेतु 32 फ्लैट के निर्माण कार्य की वित्तीय स्वीकृति। 2. डे-केयर ब्लाक का निर्माण जिसमें आपरेशन थियेटर एवं कैथलैब की सुविधा उपलब्ध होगी। 3. संस्थान में 33के0वी0ए0 सबस्टेशन का निर्माण, जिसमे रोगियों को निरन्तर विद्युत आपूर्ति की जा सके। 4. संस्थान मुख्य भवन में 60 नई शैय्याओं के संचालन की व्यवस्था, 5. हृदय रोगियों को उच्चतम स्तर की सेवायें देने हेतु शिक्षण/प्रशिक्षण पर विशेष बल। 6. संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं उपचार कार्य के परिणामस्वरूप शासन द्वारा एम0सीएच0 सी0वी0टी0एस0 की सीट 5 से बढ़ाकर 12 तथा डी0एम0 (कार्डियोलाजी) की सीट 9 से बढाकर 12 तथा डीएम (कार्डियक एनेस्थीसिया) की सीट 3 से बढाकर 6 कर दी गयी है, 7. डीएनबी वैस्कुलर सर्जरी- 2 सीट, डीएनबी थोरैसिक सर्जरी- 1 सीट के साथ संचालित है।, 8. संस्थान में एमएससी कार्डियो थोरैसिक नर्सिंग- 20 सीट एवं बीएससी ओटीटी- 20 सीट, ओटी टेक्नीशियन- 40 सीट एवं कार्डियक टेक्नीशियन- 40 सीट के साथ पैरामेडिकल कोर्सेज संचालित है।, 9. संस्थान भवन एवं प्राँगण का सौन्दर्यीकरण।

आयुष्मान योजना के अन्तर्गत प्रथम आयुष्मान लाभार्थी के उपचार करने का गौरव तथा असाध्य रोग नियमावली के अन्तर्गत विगत वर्षो में सर्वाधिक लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार प्रदान करने का गौरव हृदय रोग संस्थान, कानपुर को प्राप्त है।

संस्थान में प्रधानमंत्री जन अरोग्य आयुष्मान योजना, पं0 दीन दयाल उपाध्याय कैशलेस योजना एवं असाध्य रोग (हृदय रोग) नियमावली के अन्तर्गत हृदय रोगियों का पूर्णतः निःशुल्क उपचार किया जाता है।



सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. राकेश कुमार वर्मा
निदेशक

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं












**आज का मौसम**
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

| 17.0° | 03.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 56 | सूर्यास्त 05 : 46 |

## शहर में आज

- **झंडा रोहण** : समाजवादी पार्टी द्वारा नवीन मार्केट कार्यालय में झंडा रोहण सुबह 9 :30 बजे।
- **झंडा रोहण** : नगर निगम द्वारा घंटाघर चौराहे पर झंडारोहण सुबह 10 बजे।
- **सद्भावना कप** : आदर्श व्यापार मंडल द्वारा डीपीएस ग्राउंड नवाबगंज में सद्भावना कप क्रिकेट मैच सुबह 10बजे।
- **फुटसल** : कानपुर नगर निगम द्वारा शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में फुटसल मैच सुबह 11 :30 बजे।

## एक नजर

### पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान पूजा और दान

**कानपुर।** पौष पूर्णिमा पर गुरुवार को शहर के गंगा घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ रही। मान्यता के तहत भक्तों ने गंगा स्नान कर पूजन–अर्चन किया और दान दिया। सरसैया घाट, अटल घाट, बिठूर, ड्योढ़ी व सिद्धनाथ घाटों पर तड़के से भक्तों की भीड़ लग गई। लोगों ने गंगा स्नान के बाद पूजन कर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इस मौके पर शहर के मंदिरों में भी पूर्णिमा के अवसर पर भंडारे लगाए गए। यहां पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों में भजन–कीर्तन का दौर भी चलता रहा। गुरु पुष्य नक्षत्र होने के कारण लोगों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी किए।

### कार में अचानक आग लगी

**कानपुर।** श्याम नगर चौराहा पर एक इण्डिगो कार में अचानक आग लग गई। कार सवारों ने किसी तरह कार से निकल कर आग बुझाई। आस पास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। कुछ ही देर में आग पूरी कार में फैल गई। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

**गणतंत्र दिवस की रौनक**



गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर की करीब दो दर्जन इमारतों का सतरंगी रोशनी से सजाया गया है। ये तस्वीर कालपी रोड पर आर्डिनेंस फैक्ट्री के बाहर की है जहां टैंक को भी रौशन किया गया है। अमृत विचार

# कारोबारी को थाने में पीटा, दरोगा निलंबित

## लेन-देन के विवाद में नौबस्ता थाने बुलाया था, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाने में तैनात दरोगा ने लेनदेन के विवाद में कारोबारी को कमरे में बंद कर थर्ड डिग्री दी। पिटाई से कारोबारी की तबियत बिगड़ गई तो दरोगा ने कारोबारी के छोटे भाई को बुलाकर सरकारी गाड़ी से उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पर डीसीपी साउथ ने दरोगा को निलंबित कर दिया।

हंसपुरम सरस्वती नगर निवासी हृदेश उर्फ ऋतिक गुप्ता की घर में ही अंबर प्लाईवुड एंड हार्डवेयर के नाम से दुकान है। हृदेश के साथ उनका छोटा भाई तेजस्वी भी कारोबार में हाथ बंटाता है। तेजस्वी ने बताया कि नौबस्ता निवासी सौरभ भदौरिया भी हार्डवेयर कारोबारी है। वर्ष 2022 में सौरभ भदौरिया ने चकेरी हरजेंदर नगर निवासी एक सरदार जी को माल दिया था, जिसमें भाई ऋतिक को गारंटर बनाया गया था। पार्टी ने माल के एवज में जो चेक दीं, वो बाउंस हो गईं। जिसके बाद से सौरभ हृदेश पर पैसों के लिए दबाव बनाने लगा। आरोप लगाया कि 19 जनवरी को नौबस्ता थाने में तैनात दरोगा वीरेश यादव दुकान पर आए और सौरभ भदौरिया के रुपये लौटाने का दबाव बनाने लगे। जिस पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत भी की। बताया कि गुरुवार सुबह दरोगा वीरेश ने हृदेश को फोन कर थाने बुलाया। दोपहर करीब 12 बजे हृदेश छोटे भाई तेजस्वी के साथ थाने पहुंचे तो दरोगा वीरेश ने तेजस्वी को थाने से भगा दिया और हृदेश का मोबाइल छीन कर थाने की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में ले गया। वहां हृदेश की पिटाई की। इससे उनकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें हृदेश की तबियत खराब होने की जानकारी दी। तेजस्वी ने बताया कि वह कमरे में पहुंचा तो देखा कि हृदेश जमीन पर पड़े तड़प रहे थे, कान समेत अन्य जगहों पर चोट के निशान थे। तेजस्वी हृदेश को लेकर निजी अस्पताल पहुंचा। होश में आने के बाद हृदेश ने बताया कि दरोगा वीरेश ने उसकी जमकर पिटाई की। मामला तूल पकड़ने के बाद एडीसीपी अंकिता शर्मा हृदेश का हालचाल जानने अस्पताल पहुंची। एडीसीपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया दरोगा को दोषी पाया गया है, जिस पर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।




अस्पताल में भर्ती कारोबारी।

### इंस्पेक्टर के आदेश की भी अवहेलना की

तेजस्वी ने बताया कि थाने पहुंचने के बाद दरोगा वीरेश भाई को लेकर नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय के पास गया। इंस्पेक्टर ने कहा कि पैसों का विवाद है, हृदेश के खिलाफ मुकदमा नहीं, उसका बयान दर्ज करके छोड़ दो। इसके बाद इंस्पेक्टर चले गए। बताया कि इंस्पेक्टर के जाते ही दरोगा भाई का मोबाइल छीन कमरे में ले गया और उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी।






# कलश यात्रा के साथ कथा शुरू

## सरांय छीतम गांव में 108 कुंडीय महारुद्र यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के सरांय छीतम गांव में श्री बड़े महादेव बाबा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में 108 कुण्डीय महारुद्र यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन गुरुवार को महादेव मंदिर से हनुमान मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में श्रद्धालु थिरकते रहे। जय श्री राम के जयकारों से सड़कें गूंज उठीं। यात्रा के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा।

सरांय छीतम गांव स्थित बड़े महादेव बाबा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। 108 कुण्डीय महारुद्र महायज्ञ के साथ पं. आचार्य विष्णु कांत त्रिवेदी की ओर से संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा सुनाई जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को प्रथम दिन कलश यात्रा और वेदी निर्माण के बाद सायंकाल महा रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह नौ बजे वेदी पूजन के बाद आचार्य द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत की जाएगी। जो एक फरवरी तक रोज दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी।



चौबेपुर में कथा स्थल से हनुमान मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा। अमृत विचार

- कलश यात्रा के दौरान जय श्री राम के गूंजते रहे जयकारे

### तीन दिन होगा बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार

**चौबेपुर।** 27, 29 और 31 जनवरी को ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी कराया जाएगा। एक फरवरी को पूर्णाहुति और दो फरवरी को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस दौरान प्रतिदिन रात्रि में वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन और मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप गुप्ता
अध्यक्ष पीएसी मोड़ जीटी रोड व्यापार मण्डल कानपुर

जय पाली धाम, जय नागाबाबा की
निर्देश सिंह चौहान
पार्षद वार्ड 47 कानपुर
चन्दन सिंह राजावत
मण्डल उपाध्यक्ष श्यामनगर
राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर क्षेत्र वासियों और नगर कानपुर वासियों को शुभकामनाएं
रवि भदौरिया
गौसेवा प्रमुख बजरंग दल
कानपुर पूर्व
जिला पंचायत क्षेत्र पाली भोगीपुर,
नरवल

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल सिंह
चेयर मैन क्रय विक्रय सहकारिता, कानपुर नगर
जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक यादव पूर्व फौजी
ग्राम प्रधान गिरसी विकास खंड पतारा कानपुर नगर

मां पीतांबरा इन्टरप्राइजेज की ओर से
सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो.रिषी तिवारी
इछौली,बसौरा मोड़ रेवना
घाटमपुर कानपुर नगर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिव्यांशु पांडेय
सचिव ग्राम पंचायत टिकवापुर
नागेंद्र तिवारी
ग्राम प्रधान
टिकवापुर विकास खंड
घाटमपुर कानपुर नगर

क्षेत्र का एक मात्र महाविद्यालय जिसने संचालित बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में पूर्ण रोजगार की गारण्टी
श्री शक्ति डिग्री कालेज
सौंखाहरी, घाटमपुर, कानपुर नगर
(छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से सम्बद्ध)
26th Jan Republic Day
B.C.A. Bachelor of Computer Application
मात्र 28,500 प्रतिवर्ष
अन्य संचालित पाठ्यक्रम में भी शीघ्र प्रवेश प्रारम्भ
B.Sc. B.A. B.Ed. D.El.Ed (B.T.C.)
NCC सीमित स्थान
Mob :. 9565870073, 9336689348, 8299738040, 9695140231

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेंद्र कुमार
सचिव ग्राम पंचायत दुरौली पतारा विकासखंड
दीक्षा पटेल
ग्राम प्रधान
दुरौली, विकास खंड
पतारा कानपुर नगर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश तिवारी
ग्राम प्रधान
सरगवा विकास खंड पतारा कानपुर नगर
शैलेंद्र कुमार
सचिव

# राष्ट्र निर्माण में मतदान जरूरी

## बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा ने तहसील में लोगों को मतदान करने की दिलाई शपथ

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** बिल्हौर तहसील में गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित मतदाता शपथ कार्यक्रम में अधिकारियों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई गई। एसडीएम रश्मि लांबा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मतदान जरूरी है। उन्होंने पहली बार मतदाता बने कई युवाओं को सम्मानित भी किया।



एसडीएम रश्मि लांबा ने बैहतर कार्य में बीएलओ को सम्मानित किया। अमृत विचार

जनपद में बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत सबसे अधिक सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम रश्मि लांबा ने बीएलओ और निर्वाचन से जुड़े कर्मचारियों को निर्देश दिए। इस दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग मतदाताओं को उप जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। तहसील क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर बेहतर कार्य के लिए बीएलओ को भी सम्मानित किया गया। इनमें बीएलओ सुनील कुमार राजपूत, शैलेन्द्र कुमार, शायरा बानो, तृप्ती कटियार, बृजेन्द्र कृष्ण आदि शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदाता बने युवा दीपक यादव, अंश अग्निहोत्री, आदित्य कुमार, आफाक खान, मो. फैज खान आदि युवाओं को एसडीएम ने सम्मानित किया। इस मौके पर तहसीलदार तिमिराज सिंह, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत, राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार, दिव्यकीर्ति श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।





रामसहाय बैरी इंटर कॉलेज के सम्मेलन में मौजूद जिला उपाध्यक्ष सोनू कटियार।

### वोट की चोट जरूर करें युवा: सोनू

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के रामसहाय बैरी इंटर कॉलेज में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पहुंचे युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सोनू कटियार और क्षेत्रीय मंत्री मनीष दीक्षित ने युवाओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया और सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सोनू कटियार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार युवाओं के साथ खड़ी है। अभी सरकार की ओर से पुलिस भर्ती की रिक्तियां निकली हैं। भाजपा सरकार युवाओं के हित के लिए अनगिनत योजनाएं चला रही है। उन्होंने भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही अन्य योजनाओं का भी बखान किया। उन्होंने कहा कि जो युवा नवमतदाता बने हैं, वह अपने मत का प्रयोग जरूर करें और वोट डालने जरूर जाएं। इस सम्मेलन के जरिए भाजपा ने युवाओं को साधने का प्रयास किया। इस मौके पर जिला मंत्री राजू दुबे, कैलाश कटियार, सोहित कटियार, अनुराग कटियार, रिन्टू मास्टर, नमन, लकी पांडेय आदि मौजूद रहे।




































# युवा मतदाताओं का वोट देश की दिशा तय करेगा

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजमुयो की ओर से हर विधानसभा में हुये दो सम्मेलन, पीएम ने किया वर्चुअल माध्यम से संबोधित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर भाजयुमो की ओर से शहर में हर विधानसभा में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित हुये। दक्षिण जिला इकाई की ओर से महिला महाविद्यालय किदवई नगर, जुहारीदेवी महाविद्यालय, ऑक्सफोर्ड मॉडल स्कूल श्याम नगर, केआईटी कॉलेज रूमा एवं सुभाष महाविद्यालय वाई ब्लॉक में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 18 से 24 आयु वर्ग के नए मतदाता बने युवाओं को आमंत्रित किया गया था। नव मतदाता सम्मेलन को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुये कहा कि युवा मतदाताओं का वोट भारत की दिशा तय करेगा।

भाजपा युवा मोर्चा कानपुर उत्तर जिले ने जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा के नेतृत्व मे 4 विधानसभा सीसामऊ, कल्याणपुर, आर्यनगर, गोविंद नगर में 8 स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किये गये। अर्मापुर पी जी कॉलेज मे क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने युवा मतदाताओं को सम्बोधित किया। वीएसएसडी कालेज मे कल्याणपुर विधानसभा में अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक नीलिमा कटियार नीतू सिंह, ओमेगा कोचिंग में संजीव पाठक बॉबी, अनिल दीक्षित सीसामऊ विधानसभा ओंकारेश्वर विद्यालय में मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी व उमेश निगम ने नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित किया।

नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आप सभी युवा लोकतांत्रिक प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। आप सभी पर 2047 तक यानी आगामी 25 वर्षों में एक विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। युवा मतदाताओं का वोट तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से सांसद सत्यदेव पचौरी, शिवराम सिंह, महेश त्रिवेदी, भाजयुमो दक्षिण जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विपिन शर्मा, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, अरविंद राज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक महेश त्रिवेदी, शिवराम सिंह आदि। अमृत विचार


विधायक सुरेंद्र मैथानी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दीपू पांडे भी मौजूद रहे। अमृत विचार

### सहकारिता सम्मेलन को लेकर बनी रणनीति

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र सहकारिता प्रकोष्ठ व प्रबुद्ध प्रकोष्ठ की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। इस दौरान लखनऊ में आयोजित होने वाले सहकारिता प्रकोष्ठ के सहकारिता सम्मेलन के बारे में रणनीति बनी। प्रकोष्ठ के यूपी प्रभारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि सहकारिता प्रकोष्ठ को जिलों के अतिरिक्त मंडलों में भी गठित किया जाएगा। सहकारिता प्रकोष्ठ से जुड़े पदाधिकारी बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख भी बनेंगे। जिला सहकारी संघ सहकारी बैंकों के डायरेक्टर एवं भाजपा अध्यक्ष की ओर से आयोजित अभियानों में अपना सहयोग देंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, पुरुषोत्तम पांडे, मनीष साहनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, आशुतोष तिवारी, प्रभाकर अवस्थी, सुरेंद्र सोमानी, कपिल बाजपेई मौजूद रहे।



प्रकाश पाल ने चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा। अमृत विचार

# प्रयोगात्मक परीक्षा की निगरानी कंट्रोल रूम से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीजीआईसी में बनेगा कंट्रोल रूम, सभी स्कूलों को जोड़ा जाएगा इससे

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड के तहत 2 से 9 फरवरी के बीच चलने वाली प्रयोगात्मक परीक्षाओं में इस बार विशेष निगरानी की जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग कंट्रोल रूम बना रहा है। यह कंट्रोल रूम चुन्नीगंज स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बनेगा। इस कंट्रोल रूम से प्रयोगात्मक परीक्षा के दिन कॉलेज जुड़ेंगे।

शिक्षा विभाग की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए पहली बार इस तरह की व्यवस्था की जा रही है। पहले इस तरह की निगरानी की व्यवस्था लिखित परीक्षा के दौरान ही होती थी। विभाग की ओर से इसका दायरा अब बढ़ा दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से इस निगरानी व्यवस्था के लिए सभी कॉलेजों को सूचना भेजी जा रही है। इस सूचना में कॉलेज को परीक्षा के दिन कंट्रोल रूम से जुड़ने के तरीके भी बताए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्र बनने वाले कॉलेजों के अलावा अन्य कॉलेजों को भी अपने यहां पर सीसीटीवी कैमरों को प्रयोगात्मक परीक्षा से पहले से दुरुस्त कराए जाने के आदेश दिए जा रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रयोगात्मक परीक्षा से पहले कंट्रोल रूम से सभी कॉलेज को जोड़कर रिहर्सल भी की जाएगी।

#### 15 कंप्यूटर की व्यवस्था

सभी स्कूलों की निगरानी आसानी से हो सके इसके लिए कंट्रोल रूम में बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 15 अतिरिक्त कंप्यूटर को भी लगाया जाएगा। कंट्रोल रूम के संचालन के लिए विभाग व स्कूलों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। फिलहाल 9 कर्मचारियों को इसके लिए चयनित कर लिया गया है।

#### बोर्ड भी जुड़ेगा

कंट्रोल रूम से जिले के सभी स्कूलों को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा शिक्षा विभाग की निगरानी कंट्रोल रूम के जरिए की जाएगी। यदि इस बीच बोर्ड कंट्रोल रूम का लिंक मांगता है तो वहां भी उसे भेजा जाएगा। लिंक के जरिए बोर्ड जब चाहे जिले के कंट्रोल रूम से वहां पर बैठे निगरानी कर सकेगा।

# कटोरा लेकर जूही की पार्षद मांगेंगी पानी की भीख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूही में छह महीने से पीने का पानी का संकट

**अमृत विचार।** जूही बंबुरहिया में पीने के पानी के लिये हाहाकार मचा है। ट्यूबवेल के रिबोर न होने की वजह से छह महीने से लोगों को पानी के लिये भटकना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि घर के बड़े और बच्चे पंपों पर लाइन लगाने पर मजबूर हैं। 15वें वित्त में ट्यूबवेल स्वीकृत होने के बाद भी रिबोर न होने पर अब क्षेत्रीय पार्षद शालू कनौजिया ने सार्वजनिक मंच लगा और कटोरा लेकर अधिकारियों से पानी मांगने की चेतावनी दी है।

शालू कनौजिया इससे पहले भी बिजली और मैनहोल की समस्या को लेकर अजीबो-गरीब प्रदर्शन कर चुकी हैं। इस बार उन्होंने क्षेत्र में भीषण पेयजल व्यवस्था को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बताया कि वार्ड 14 के में खुले नाले, कीचड़ युक्त सड़कें हैं। जूही क्षेत्र में ट्यूबवेल के लो प्रेशर के चलते पेयजल संकट है। लगातार 6 माह से जल संकट झेल रही जूही की जनता की तरफ जलकल और नगर निगम अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है। पार्षद ने बताया कि 15वें वित से ट्यूबवेल रिवर्स स्वीकृत करने के बाद भी जलनिगम ने अभी तक रिबोर का कार्य शुरू नहीं कराया है। जलकल विभाग की शिथिलता है। पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने कहा कि अब सार्वजनिक मंच लगाकर वार्ड की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त और जलकल के महाप्रबंधक के खिलाफ प्रदर्शन करूंगी। इसके साथ ही सार्वजनिक मंच के माध्यम से दोनों अधिकारियों के पैर छूकर कटोरा लेकर और झोली फैलाकर जनसमस्याओं के निस्तारण की मांग करूंगी।


जूही बंबुरहिया में लोगों को जलसंकट से जूझना पड़ रहा है। अमृत विचार

# महिला से हड़पे 6.25 लाख, रिपोर्ट

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला से लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी कर ली गई। पीड़िता ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है।

महिला ने पुलिस को बताया कि वह कपड़ों का व्यापार करती है। डिप्टी पड़ाव स्थित शगुन अपार्टमेंट निवासी मो जमाल अहमद ने 25 लाख रुपये लोन कराने की बात कही और 6.25 लाख रुपये सब्सिडी मिलने का झांसा दिया। उसने कई बार में रुपये जमाल को दिए लेकिन लोन नहीं मिला। जमाल ने 72 हजार व 42 हजार रुपये की दो चेक दीं जो बाउंस हो गईं। जमाल के घर रुपये मांगने गई तो उसने बेटे संग धमकाया और छेड़छाड़ की।

# गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने को बना चोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फैक्ट्री की छत तोड़ किया था लाखों का माल पार
- दादानगर का मामला, तीन चोर गिरफ्तार

**अमृत विचार।** बीते मंगलवार को दादानगर स्थित फैक्ट्री में छत में सेंध लगाकर लाखों के पाइप व उपकरण चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एडीसीपी साउथ अंकिता ने बताया कि बाइक की किस्त व गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने के लिए चोरों ने घटना को अंजाम दिया था।

23 जनवरी को दादा नगर स्थित प्लास्टिक के पाइप बनाने वाली बीएस फैक्ट्री में छत में सेंध लगाकर चोरी की गई थी। फैक्ट्री मालिक संदीप भोला ने गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की, जिसमें तीन चोर कैद हुए थे। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि मामले के तीन आरोपी मूलरूप से बिहार निवासी आरूष सिंह चौहान, लोडर चालक निरंजन सिंह राठौर व संत कबीर नगर निवासी सचिन कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरूष फैक्ट्री में ही कर्मचारी था। आरूष ने बाइक खरीदी थी, जिसकी किस्त व गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने के लिए उसने निरंजन व सचिन के साथ चोरी करने का प्लान तैयार किया था। तीनों आरोपियों के पास से 66 बंडल प्लास्टिक पाइप, लोडर बरामद किया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में चोर। अमृत विचार

# माफ करें, नहीं करेंगे पार्टी विरोधी काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वार्ड 4 के निर्दलीय पार्षद अंकित मौर्य के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**अमृत विचार।** भाजपा से विरोध कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़कर जीते वार्ड-चार के पार्षद अंकित मौर्य ने गुरुवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ दोबारा बीजेपी ज्वाइन कर ली।

भाजपा उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में जॉइनिंग कमेटी के सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश राय, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश महामंत्री राम लखन रावत और जितेन्द्र विश्वकर्मा के सामने प्रस्तुत होकर पार्षद अंकित मौर्य ने कहा कि जो हमसे गलती हुई थी, उस भूल को हम सुधारते हुए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। श्री राम की शरण में आकर वादा करते हैं कि पार्टी के विरुद्ध कोई काम नहीं करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि पार्षद अंकित मौर्य के साथ सैकड़ों समर्थकों ने सूचीबद्ध होकर सदस्यता ग्रहण की। जिसमें महिलाएं भी हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के अनिल यादव, वार्ड अध्यक्ष सपा राकेश यादव, सेक्टर वार्डन बहुजन समाज पार्टी रामलाल, वार्ड अध्यक्ष सपा तौफीक पहलवान के साथ अल्पसंख्यक समाज सपा की जयदी अहमद, नूरी, रुबिका अलीशा, शहनाज, सना के साथ तमाम महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की।


पार्षद अंकित मौर्य भाजपा में शामिल हुए। अमृत विचार

# दुकान में तोड़फोड़ गोली मारने की धमकी दी

**कानपुर।** जवाहर नगर में कार सवार आरोपियों ने व्यापारिक प्रतिष्ठान में तोड़फोड़ की और संचालक व उसके परिवार को गोली मारने की धमकी दी।

जवाहर नगर निवासी पंकज गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनका जवाहर नगर नगर निगम धर्मशाला के बगल में खस्ते का व्यापार है। 18 जनवरी की रात कार से आए 4-5 अज्ञात व्यक्तियों ने दुकान का बोर्ड व काउंटर, ठेला काउंटर में रखा सामान तोड़ दिया और बोर्ड अपने साथ ले गए। इस दौरान आरोपियों ने गालियां देते हुए उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# रोडवेज बस चालक की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पोस्टमार्टम में बिसरा रखा गया सुरक्षित

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में विकास नगर डिपो में संविदा रोडवेज बस चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर घंटों हंगामा काटा। पुलिस और विभागीय अधिकारियों ने बीच में पड़कर मामला शांत कराया। पैनल और वीडियोग्राफी के बीच हुए पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

कानपुर देहात के भोगनीपुर डीहा मोहम्मदपुर गांव निवासी 32 वर्षीय संतोष विकास नगर डिपो में संविदा पर चालक था। परिवार में पत्नी अंजू और दो वर्षीय बेटा राघव है। चचेरे भाई नीरज ने बताया कि वह झांसी से कानपुर के बीच रोडवेज बस चलाते थे। बताया कि बुधवार को झांसी से बस लेकर विकास नगर डिपो आए थे। इसके बाद वह नहाने जा रहे थे तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथी कर्मचारी उन्हें हृदय रोग संस्थान ले गए, जहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने डिपो के गेट पर शव रखकर घंटों हंगामा काटा। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी को मुआवजे का आश्वासन दिया इसके बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त स्टोर इंचार्ज का शव झाड़ियों में मिला

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में रहने वाले वृद्ध पूजा का सामान खरीदने के लिए निकले थे, लेकिन लापता हो गए। तीन दिन बाद उनका शव सचेंडी थानाक्षेत्र के सुरार स्टेशन के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। आशंका है कि ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई। कल्याणपुर के मिर्जापुर निवासी 67 वर्षीय मुंशीलाल यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत्त स्टोर इंचार्ज थे। उनके बेटे रमारमन ने बताया कि तीन दिन पहले वह पूजा का सामान लेने के लिए घर से निकले थे, इसके बाद से घर नहीं लौटे। सब जगह ढूंढने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई। गुरुवार को वे लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो वहां उनका शव मिला। उन्होंने बताया कि सचेंडी पुलिस के अनुसार उनकी ट्रेन के चपेट में आने से मौत हुई है। अंदेशा जताया जा रहा है कि वृद्ध ने आत्महत्या की है।

### पीजीआई आईसीयू में चुकाने होंगे तीन सौ रुपये

**कानपुर।** हैलट परिसर में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी सुपर स्पेशिएलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (जीएसवीएसएस पीजीआई) में मरीजों को अब केजीएमयू की तर्ज पर इलाज मिलेगा। स्पेशिलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती तो है ही। साथ ही यहां पर सभी स्टॉफ नर्स व सिस्टरों को सुपर स्पेशएलिटी इलाज में सहयोग के लिए सुपर प्रशिक्षण दिया जाएगा। फरवरी माह से आईसीयू के लिए प्रतिदिन के हिसाब से तीन सौ रुपये चुकाने होंगे।

### अधिवक्ता के चैम्बर में आग से हड़कंप

**कानपुर।** न्यायालय परिसर में एक अधिवक्ता के चैंबर में आग से गुरुवार हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर लाटूश रोड एफएसओ कैलाश चंद्रा मौके पर पहुंचे, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझा ली थी। एफएसओ कैलाश चंद्रा ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे अधिवक्ता चेतना गुप्ता के चेंबर में आग लगने की जानकारी मिली थी। शार्ट-सर्किट से आग लगने की आशंका है।

धर्म-कर्म | करौली शंकर महादेव आश्रम में पूर्णिमा महासम्मेलन, तीन दिवसीय महासम्मेलन में श्रद्धालुओं ने किया हवन

# पूर्वजों की मुक्ति कराने से होता दुखों का अंत : करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- देशभर से हजारों भक्त आए करौली सरकार धाम
- कई शहरों से आए कलाकार पेश करेंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव धाम, करौली में गुरुवार को पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड आदि राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने करौली शंकर महादेव और बाबा, मां के चरणों का पूजन किया। पूर्णिमा महासम्मेलन के अवसर पर पूवर्जों की मुक्ति के लिए हवन किया गया। 27 जनवरी तक चलने वाले इस महासम्मेलन में जहां श्रद्धालु पूर्वजों की मुक्ति के लिए आहुति देंगे वहीं करौली शंकर महादेव महाराज उन्हें सुखी जीवन के सूत्र भी बताएंगे। विभिन्न शहरों से आए हुए कलाकार भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि पूर्वजों की मुक्ति से ही दुखों का अंत होता है। हमें अपने पूर्वजों का पूजन श्रद्धा के साथ करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति प्रसन्न रहे, उसके जीवन में दुख न आएं और सुख संपन्नता बनी रहे इसके लिए ही आश्रम में पूर्वज मुक्ति के लिए हवन पूजन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने माता, पिता और गुरु पर श्रद्धा रखनी चाहिए।

गुरु की कृपा के बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। गुरु बिना ज्ञान भी नहीं होता है। करौली शंकर महादेव ने कहा कि दुखों का अंत तभी होगा जब हम श्रद्धा और विश्वास के साथ गुरु की शरण में आएंगे। गुरु हमें हमारे जीवन में आने वाले हर संकट से मुक्ति दिलाएगा यह विश्वास हमें रखना होगा।


करौली शंकर धाम में हजारों भक्त उमड़े। अमृत विचार


करौली सरकार ने गुरु का पूजन किया। अमृत विचार

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर से ढाई लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर फ्रॉड ने इस बार सॉफ्टवेयर इंजीनियर को अपना निशाना बनाया। एक टेलीग्राम एप डिजिटल ग्रुप से जोड़कर दिए गए नंबर पर टॉस्क पूरा करने के नाम पर ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। पीड़ित ने कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

चमनगंज निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर मोहम्मद अब्दुल वासे ने पुलिस को बताया कि 31 अगस्त 2023 को दोपहर तीन बजे उनके मोबाइल नंबर को एक टेलीग्राम एप एनपी डिजिटल ग्रुप में जोड़ लिया गया। उस नंबर में क्लिक करने पर पांच हजार रुपये का टॉस्क करने पर मैसेज आता था। उसके बाद उसे रिसेप्सनिश्ट के नंबर से जोड़ा जाता था। उसके कहने पर लालच में आकर उन्होंने 2,35,000 अपने स्टेट बैंक के खाते से ट्रांसफर कर दिया। 31 अगस्त को दिए गए टॉस्क का रिफंड ना मिलने पर उन्हें आशंका हुई तो उन्होंने मामले की शिकायत साइबर सेल में दर्ज करा दी। इसके बाद कार्रवाई शुरू हुई तो साइबर सेल ने खाते को फ्रीज कर दिया। जिससे उनकी कुछ राशि बच गई। इस संबंध में चमनगंज थानाध्यक्ष हामिद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर टेलीग्राम एप एनपी डिजिटल ग्रुप के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।





गणतंत्र दिवस पर सेंट्रल स्टेशन जगमग। अमृत विचार


रक्षा प्रतिष्ठान भी रोशन। अमृत विचार


ऐतिहासिक फूलबाग भी तिरंगी छटा में सराबोर। अमृत विचार

# तिरंगी रोशनी में जगमगाया शहर, घंटाघर पर सबसे ऊंचा झंडा

कानपुर। 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पूरा शहर तिरंगी रोशनी की छटा से जगमगा उठा। सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, प्रमुख इमारतों और शिक्षण संस्थानों को केसरिया, सफेद और हरे रंग की लाइटों से दुल्हन की तरह से सजाया गया है। बाजारों में तिरंगा थीम पर सजावट की गई है, तो तमाम भवनों पर तिरंगे रंग वाली फसाड लाइट की सजावट अलग ही चमक बिखेर रही है। बड़ी संख्या में लोगों ने घरों पर भी तिरंगी झालरों से रोशनी की है। शुक्रवार को घंटाघर चौराहे पर नगर निगम की ओर से कानपुर का सबसे ऊंचा 150 फीट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा।




दुकानों में तिरंगा झंटा और स्टीकर, पट्टा आदि खरीदे जाते रहे। लोगों ने तिरंगे हैंड बैंड, टोपी भी खरीदे। बच्चों में भी चाव रहा। अमृत विचार

### रिंग टोन और डीपी बदली

लोगों ने देश भक्ति प्रकट करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मोबाइल की रिंग टोन बदल ली है। अधिकतर लोगों ने वतन पर मर मिटने वाले गीतों की रिंग टोन लगाई है। इसी तरह तमाम लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डीपी बदल कर राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान और पहचान के रूप में लगा लिया है।

### बच्चों ने खरीदा तिरंगा स्कूलों में होंगे कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस की खुशियों में पूरा शहर डूब गया है। शुक्रवार सुबह सरकारी कार्यालयों, स्कूल-कालेजों के साथ सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में झंडारोहण होगा। जगह-जगह राष्ट्रभक्ति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आज फुटसल मैच

नगर निगम की ओर से गणतंत्र दिवस पर शास्त्री नगर फुटसल मैदान का उद्घाटन किया जाएगा। यहां पहला मैच सुबह 11.30 बजे से खेला जायेगा। मैच में महापौर, विधायक सुरेंद्र मैथानी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी विशाख जी और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन रहेंगे।

### मंत्री नंद गोपाल नंदी परेड में लेंगे सलामी

रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट में प्रात: 9.30 बजे प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ध्वजारोहण करेंगे और पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेंगे।

### झंडे, बैच, पट्टी, टोपी और स्टीकर की हुई खूब बिक्री

गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए लोग जगह-जगह तिरंगा झंडे खरीदते नजर आए। झंडों के साथ ही तिरंगे बैच, तिरंगी पट्टी, टोपी और स्टीकर की भी जमकर बिक्री होती रही।

### एमएचपीएल ने बनाया 150 फीट ऊंचा ध्वज

शहर का सबसे बड़ा 150 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा शुक्रवार दोपहर 12 बजे घंटाघर चौराहे पर फहराया जाएगा। नगर निगम ने यहां बड़े कार्यक्रम की तैयारी की है। इससे पहले नगर निगम ने मोतीझील में 100 फीट ऊंचा झंडा फहराया था। फूलबाग में फहरा रहे राष्ट्रीय ध्वज की ऊंचाई भी 150 फीट के करीब बताई जाती है। घंटाघर पर स्थापित होने वाले 150 फीट ऊंचे झंडे का निर्माण एमएचपीएल इंडिया ने केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार किया है। 24 गुणा 36 फुट का यह तिरंगा दूर से दिखाई देगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडेय के अलावा मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीएम विशाख जी, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, संयुक्त पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, अपर नगर आयुक्त प्रतिपाल सिंह शामिल रहेंगे।

### भगवा के साथ तिरंगी छटा

घरों में भगवा झंडों और जय श्रीराम ध्वजा के साथ राष्ट्रीय प्रेम प्रदर्शित करने के लिए गुरुवार से तिरंगे झंडे भी सज गए।



सीएसजेएमयू के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। अमृत विचार

## भारत माता के जयघोष के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● 60 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज रहा आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचार**। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में 60 फीट का राष्ट्रीय ध्वज आकर्षण का केंद्र रहा।

छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम और भारत माता का जयघोष करते हुए सभी से घर-घर तिरंगा फहराने का आग्रह किया। यात्रा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिवम ने मुख्य द्वार से शुरु किया। एसपीएम मेट्रो स्टेशन से होते हुए तिरंगा यात्रा का विश्वविद्यालय गेट पर समापन हुआ। छात्र नेता अभिजीत राय, पुष्पांशू के अलावा शिवम सिंह, राजवीर साहू, शिखर श्रीवास्तव, शिवांश, सार्थक, अंकित, देवेश, दिव्यांशु, सक्षम, कपिल, आयुष, अजय, अमय, राहुल, सनत, अयान, हार्दिक ने अगुवाई की।

## धर्म छिपाकर छात्रा से दुष्कर्म, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मोहम्मद नाबिर।

**अमृत विचार**। मोहम्मद नाबिर से कुणाल बनकर एक युवक ने बर्रा क्षेत्र निवासी नर्सिंग छात्रा को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण किया। छात्रा पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाया। बर्रा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। बर्रा सात निवासी छात्रा ने बताया कि वर्ष 2018 में जीएनएम का कोर्स करने के बाद वह ट्रेनिंग के लिए ऑटो से हैलट जाती थी। उसकी दोस्ती ऑटो चालक से हो गई। ऑटो चालक ने अपना नाम कुणाल उर्फ पिंकू वर्मा बताया। एक बार पिंकू अपने जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए छात्रा को कमरे में ले गया, जहां नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पिंकू उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करने लगा। कुछ माह पहले छात्रा को पता चला कि पिंकू का असली नाम मो. नाबिर है और वह शादीशुदा है। इस पर छात्रा ने पिंकू से दूरी बनाई तो वह धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा। अश्लील वीडियो भेज कर पिता से रुपये भी वसूले।

## तलाशी में न हो मौलिक अधिकारों का हनन

**कानपुर**। सामान्य रूप से कर संबंधी सभी प्रावधानों में कुछ करने का दायित्व करदाता पर निर्धारित होता है। कई मामलों में यह स्थिति सीआरपीसी की धारा 165 के संबंध में नहीं आती है। ऐसे में तलाशी और जब्ती व्यक्ति के मौलिक अधिकार का हनन न हो यह ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यह बात गुरुवार को मर्चेंट चैंबर सभागार में कार्यशाला में मुख्य वक्ता सीए जतिन क्रिस्टोफर कही। मर्चेंट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश, कानपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सोसाइटी व सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से जीएसटी छापेमारी पर एक कार्यशाला सत्र आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता ने कहा कि यह ध्यान रखना जरूरी है कि तलाशी लेने वाले अधिकारी के पास तलाशी और जब्त करने की शक्ति होती है। तलाशी के दौरान अधिकृत परिसर का दरवाजा तोड़ने की शक्ति है।


डीएम कार्यालय के बाहर ईवीएम के विरोध में प्रदर्शन करते सपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष समेत अन्य सपाई। अमृत विचार

## ईवीएम के विरोध में प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सपाई और बीएस-4 कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

**अमृत विचार**। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर गुरुवार को सपाई और बीएस-4 के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र हुए और ईवीएम हटाओ-संविधान बचाओ संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में प्रदर्शन किया। वर्ष 2024 लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की।

कचहरी गेट पर सपाइयों ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एसडीएम जंग बहादुर सिंह को दिया। ज्ञापन के माध्यम से देश में ईवीएम से चुनाव पर रोक लगाने, लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत, ब्लॉक व ग्राम प्रधानों के लिए एक ही वोटर लिस्ट से चुनाव कराए जाने और प्रत्येक बूथ पर मतदान करने के बाद उस बूथ की मतगणना कराने की मांग की। बताया कि इससे समय और रुपये की बचत होगी। साथ ही किसी तरह की गड़बड़ी होने की आशंका नहीं रहेगी। सपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला ने बताया कि निष्पक्ष चुनाव के लिए बैलट पेपर से मजबूत व्यवस्था प्रणाली ही विकल्प है। इधर, बहुजन समाज स्वाभिमान संघर्ष संगठन (बीएस-4) ने भी ईवीएम का विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव केके शुक्ला, शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, जमालुद्दीन जुनैदी, नसीरुद्दीन, नितेंद्र यादव, नंदलाल जायसवाल, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, सुलेखा यादव, दीपिका मिश्रा, अर्पित त्रिवेदी और बीएस-4 के महासचिव राजू भारती बाल्मीकि, एड.बाबूलाल वर्मा, डॉ.राकेश, प्रमुख सलाहकार अली हसन, जगन्नाथ वर्मा, कलामशेख, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेनू धीमन, सुमल लता, सुनैना, पूजा, फूलमति, एडवोकेट आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते सपा नेता। अमृत विचार


ईवीएम का विरोध और बैलेट पेपर से चुनाव की मांग को लेकर प्रदर्शन करते बीएस-4 के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार




# लायर्स के अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए छह-छह प्रत्याशी

## एक नाम वापस हुआ, विभिन्न पदों पर अब बचे 61 दावेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लायर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया हुई। एल्डर्स कमेटी ने सभी दावेदारों के नामांकन पत्र जांचे। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के एक दावेदार ने नाम वापस ले लिया। इसके बाद कमेटी ने विभिन्न पदों के लिए 61 प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी।

लायर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में सभी दावेदारों के फार्म सही पाए गए। वरिष्ठ कार्यकारिणी पद के उम्मीदवार पवन कुमार तिवारी ने नाम वापस ले लिया। कमेटी ने 61 प्रत्याशियों की सूची जारी की है।

अब चुनाव कराने के लिए जल्द ही कमेटी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इसके बाद मतदान की तिथि तय की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच में चेयरमैन विजय आचार्य, सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी, एल्डर कमेटी सदस्य राम प्रताप सिंह चौहान, प्रबल प्रताप सिंह यादव, अरुण तिवारी, नदीम रऊफ खान मौजूद रहे।

### अध्यक्ष पद के प्रत्याशी
- सुरेंद्र कुमार पांडेय
- अरविंद कुमार दीक्षित
- श्याम नारायण सिंह
- प्रवीन कुमार यादव
- रमेश चंद्र वर्मा
- अनूप कुमार द्विवेदी

### महामंत्री पद के दावेदार
- अखिलेश कुमार गुप्ता
- अजय प्रकाश अग्निहोत्री
- राजीव यादव
- अभिषेक तिवारी
- अतुल श्रीवास्तव
- सुनील कुमार पांडेय

### अन्य पदों पर प्रत्याशी
- **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** रमाकांत मिश्रा, सुधीर कुमार अवस्थी, वीरेंद्र कुमार सचान, हर्ष कुमार, शैलेंद्र दत्त त्रिपाठी
- **कनिष्ठ उपाध्यक्ष :** संजय वर्मा, चंदन पांडेय, आशीष त्रिवेदी, अमितेश कुमार सिंह सेंगर, पुष्करधर द्विवेदी
- **कोषाध्यक्ष :** कपिलदेव राय सिन्हा, राकेश प्रसाद साहू, अजय प्रताप सिंह गौतम, पवन कुमार तिवारी
- **संयुक्त मंत्री प्रशासन :** दीपा जायसवाल, नीतिश मिश्रा, संतोष कुमार यादव, आशीष पांडेय, मनीष कुमार कुरील
- **संयुक्त मंत्री पुस्तकालय :** शशी गौतम, राजेश सिंह परिहार, तरूण कुमार कुशवाहा
- **संयुक्त मंत्री प्रकाशन :** प्रवीण कुमार शर्मा, भानु प्रताप सिंह चौहान, दिनेश कुमार, आलोक कुमार दुबे, मनीष गौड़
- **वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य :** जय बहादुर सिंह गौतम, प्रमोद सिंह भदौरिया, जयंत कुमार जायसवाल, आनंद स्वरुप शुक्ला, राजेंद्र कुमार शुक्ला, अशफाक अहमद खां, पुष्पेंद्र कुमार व सरोज कुमार सोनकर।

# बंदर की हत्या में आरोपी गिरफ्तार, थाने से छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


आरोपी सुरेंद्र सिंह चौहान।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एयरगन का छर्रा मिला

**अमृत विचार।** किदवई नगर वाई ब्लॉक में एयरगन चला कर बंदर की हत्या करने के मामले में पुलिस ने नामजद सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड पर शांतिभंग की धारा में कार्रवाई कर चालान किया और थाने से छोड़ दिया। पोस्टमार्टम में बंदर के शरीर से एयरगन का छर्रा मिला है। सिक्योरिटी गार्ड को छोड़ने पर सनातनी मठ-मंदिर समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने छह दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। अब मुख्य आरोपी को थाने से छोड़ भी दिया।

नौबस्ता थानाक्षेत्र में 16 जनवरी को मोहल्ले में उछल कूद करने वाले बंदर की सुरेंद्र सिंह चौहान ने एयरगन से हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को अपने घर के सामने स्थित बरगद के पेड़ के पास दफना दिया था। विरोध करने पर अंजनी मिश्रा को सुरेंद्र चौहान, उसके बेटे सोनी चौहान व सिक्योरिटी गार्ड अखंड प्रताप सिंह ने घर में घुस कर पीटा था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड अंखड प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में चालान किया। एसीपी नौबस्ता आशुतोष कुमार ने बताया कि बंदर की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में एयरगन से मौत की पुष्टि हुई है।

### पुलिस और एमएलसी पर लगाए गंभीर आरोप

सनातनी मठ मंदिर समन्वय समिति के पदाधिकारी गोपाल दीक्षित ने बताया कि आरोपी को बचाने के लिए एक सत्ताधारी एमएलसी पैरवी कर रहे हैं। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एमएलसी उनके घर से लेकर पुलिस अफसरों के पास तक गए। दबाव के कारण नौबस्ता पुलिस ने सुरेंद्र सिंह और उसके बेटे सोनी चौहान को गिरफ्तार नहीं किया है।

# जुलूस ए हैदरी में अमन का दिया गया संदेश

**कानपुर।** जश्ने विलादत मौला अली पर एकता, प्रेम और भाईचारे का पैगाम लेकर गुरुवार को जुलूस ए हैदरी निकाला गया। फूलबाग से उठे जुलूस का रास्ते में जोरदार स्वागत हुआ। जुलूस नवाबगंज स्थित बड़ी कर्बला पहुंचने पर महफिल में तब्दील हो गया। महफिल में जानेमाने शायरों ने अकीदत पेश की। अमन और शांति का संदेश दिया गया।

हज़रत अली के जन्म दिवस पर ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट और शिया युवा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जुलूस की शुरुआत मिष्ठान वितरण से हुई। फूलबाग मैदान से शुरू हुआ जुलूस ग्वालटोली होते बड़ी कर्बला पहुंचा। जुलूस में शामिल लोग प्रेम, मित्रता, आपसी भाईचारा व सौहार्द का पैगाम देते हुये मौला अली के कथनों की तख्तियों के साथ लाल-हरे झंडे लिए चल रहे थे। नवाबगंज बड़ी कर्बला में क महफिल आयोजित हुई। शायरों ने नज़रान ए अकीदत पेश किया। कार्यक्रम का संयोजन नायाब आलम ने किया। जुलूस में मुख्य अतिथि के रूप में शिया पर्सनल लॉ बोर्ड लखनऊ के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास, विधायक अमिताभ बाजपेई, मौलाना अलमदार हुसैन, मौलाना नसीम अब्बास सहित अन्य धर्मगुरु शामिल रहे।

## सार-संक्षेप


उमा विश्वकर्मा को सम्मान प्रदान किया गया। अमृत विचार

### उमा को अंतर्राष्ट्रीय गौरव भूषण सम्मान

**कानपुर।** विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर सिंगापुर में आयोजित कार्यक्रम में कानपुर की उमा विश्वकर्मा को 'अंतर्राष्ट्रीय गौरव भूषण सम्मान – 2024 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय उच्चायोग के सदस्य शिव जी तिवारी ने उमा विश्वकर्मा को शाल, स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र दिया। हिंदी अकादमी मुंबई और डीएवी हिंदी स्कूल, संगम सिंगापुर एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक परिचर्चा तथा सम्मान समारोह में उमा विश्वकर्मा ने अपने काव्य पाठ से लोगों को दिल जीता।

### भगवत भजन से मिलता है मोक्ष


चंद्रेश महाराज। अमृत विचार

**कानपुर।** व्यक्ति जीवनभर पाप और पुण्य के बीच फंसा रहता है। पाप का प्रायश्चित करने के लिए वह कई तरह के उपाय करता है। असल में पाप का असली प्रायश्चित तो भगवत भजन है। भगवत भजन रूपी नौका भवसागर पार लगाती है। यह विचार गुरुवार को केशव नगर स्थित संकट मोचन पावन धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए गए। कथा के दौरान कथा वाचक चन्द्रेश महाराज, चन्द्रदास ने कहा कि भागवत कथा सिखाती है कि व्यक्ति को हमेशा अपने नेत्र, श्रवण और वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए। जैसा हम सुनते और देखते हैं, वैसा ही आचरण करते हैं। इसलिए जो उचित हो वही देखो और सुनो।

### रात का पारा फिर 3 डिग्री सेल्सियस पहुंचा


सुबह भारी कोहरा। अमृत विचार

**कानपुर।** शहरवासियों को सर्दी के सितम से छुटकारा नहीं मिल रहा है। गुरुवार को शहर का न्यूनतम तापमान (रात का पारा) 3 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह कोहरे व शीतलहर ने लोगों को परेशान किया। शाम को भी घने कोहरे की चादर ने शहर को अपने आगोश में ले लिया। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने कहा कि न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया है। उन्होंने बताया कि रविवार तक सुबह और रात के समय कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाया रहेगा। हाल–फिलहाल अभी सर्दी से राहत मिलने के आसार कम हैं।

### एसी हेलमेट ने चौंकाया, सेना से जुड़े मॉडल बनाए

**कानपुर।** स्कूली बच्चों ने खुद के बनाए अनोखे विज्ञान मॉडल से सभी को चकित कर दिया। बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में लगी वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की ओर से सेना, समाज, पर्यावरण और यातायात संबंधित 135 मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी की शुरुआत पद्मश्री डॉ. एचसी वर्मा ने की। प्रदर्शनी में छह मॉडल ऐसे रहे जो राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। छात्र कीर्तीराज की ओर से बनाया गया हेलमेट दोपहिया वाहन सवारों को गर्मी में ठंडक प्रदान करता है।

# साई संस्थान में भी गूंजी प्राण प्रतिष्ठा की बधाई


साईं कथा में आए भक्त। अमृत विचार


प्रवचन देते शुभ्रम बहल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साईं कथा वाचक शुभ्रम बहल ने व्यक्त किए विचार

**अमृत विचार।** वासुदेव साईं विश्व सेवा संस्थान की ओर से गुरुवार को गैंजेज क्लब में साईं कथा में कथावाचक शुभ्रम बहल ने कहा कि शिरडी में साईंनाथ के अवतार काल में श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रभुराम जन्मोत्सव का आयोजन होता था। भक्तों की ओर से बधाई गीत गाए जाते थे। उसी परंपरा का निर्वाहन करते हुए शिरडी में संस्थान की ओर से राम नवमी पर्व का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि अज्ञानता की वजह से लोग साईंराम के प्रति अनर्गल बाते कहते हैं। ऐसे लोगों को शिरडी जाकर तथ्यों को जांचना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि साईं राम की भक्ति करने वाले भक्त हमेशा सकारात्मक विचारों से भरे रहते हैं। भक्ति करने वाला कोई भक्त असफल नहीं होता है। श्रद्धा और सबूरी रखने वाले भक्त को प्रभु कभी भी निराश नहीं करते हैं। उन्होंने देश और विदेश में रह रहे अपने भक्तों को प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कथा के दौरान विधायक नीलिमा कटियार, कुमकुम स्वरूप, विनोद बहल, रोहित कौशल, योगेश खन्ना सहित अन्य मौजूद रहे।

# कॉलेज में मिला चपरासी का अधजला शव

**कानपुर।** घाटमपुर कोतवाली थानाक्षेत्र में एक महाविद्यालय में रह रहे चपरासी का शव अधजला मिला। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की तो प्रथम दृष्टया अंगीठी तापते समय जलने का अंदेशा जताया है। उधर, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा काटा।

बनहारी गांव निवासी 48 वर्षीय राजेंद्र सविता घाटमपुर नगर स्थित जनता महाविद्यालय में चपरासी थे और वहीं रहते थे। घर पर पत्नी शिववती अपने दोनो बेटे विनय और विवेक के साथ रहती हैं। गुरुवार देर शाम दूसरे चपरासी दशरथ ने राजेंद्र के कमरे से धुंआ निकलते देखा तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो चपरासी राजेंद्र का शव अधजला कमरे के अंदर पड़ा हुआ था। सूचना पाकर पहुंचे परिजन हत्या का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। एसीपी रंजीत कुमार ने बताया कि परिजनों को समझाने के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।




# वैश्विक मांग पर तेज नजर बहुत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र के साथ युवा और अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएलआरआई ने 25 युवाओं को चर्म निर्यात में प्रशिक्षण दिया है। गुरुवार को छह माह के प्रशिक्षण के समापन पर युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान उपस्थित रहे चर्म निर्यातकों ने कहा कि शहर के चर्म व्यवसाय का भविष्य अब युवा कंधों पर है। निर्यात में सफलता के लिए वैश्विक मांग पर नजर रखना बहुत जरूरी है।

मुख्य अतिथि चर्म निर्यात परिषद के रीजनल चेयरमैन जावेद इकबाल ने कहा कि चर्म कारोबार में अत्याधुनिक तकनीक लागू करना समय की मांग है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पुखराया।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हीरापुर गांव निवासी रहीश ने बताया कि उसका पुत्र आजाद उर्फ बब्लू (28) पुखरायां एक ट्रैक्टर गैरेज में काम करता है। आज सुबह वह घर से काम करने के लिये निकला था। वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। उन्हें पुलिस के द्वारा घटना की जानकारी मिली। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

**पड़ताल** तीनों का चेहरा जला होने के कारण बयान नहीं दर्ज हो पाए

# विस्फोट में आमिर–गजाला पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बिल्डिंग के अंदर विस्फोट से फैला पड़ा मलबा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के अति संवेदनशील इलाके कंघी मोहाल में तीन मंजिला बिल्डिंग में हुए बारूद के विस्फोट के मामले में फूलमती चौकी इंचार्ज कमलेश पटेल ने गंभीर रूप से घायल आमिर और गजाला के खिलाफ विस्फोटक का भंडारण करने पर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस उन तीनों के बोलने का इंतजार कर रही है। तीनों का चेहरा जला होने के कारण वह कुछ भी बोल नहीं सके हैं।

मलबे में हथगोले दबे होने का अनुमान

मंगलवार को कंघी मोहाल में हुए विस्फोट के बाद तीसरे दिन गुरुवार को भी तीन मंजिला बिल्डिंग में मलबा फैला पड़ा था। बुधवार देर शाम मौके पर इंडियन ऑयल की टीम पहुंची और सिलेंडर फटने की जांच की। अपनी रिपोर्ट में टीम ने लिखा है कि एलपीजी की कोई गंध नहीं है, लिहाजा ये बात साफ है कि विस्फोट सिलेंडर फटने से नहीं हुआ। फोरेंसिक टीम की जांच में धमाका पोटेशियम नाइट्रेट का है। इस रसायन का इस्तेमाल माचिस बनाने, यूरिया बनाने और पटाखे बनाने में किया जाता है। ये हल्का विस्फोटक है। पुलिस सूत्रों की मानें तो उच्चाधिकारियों ने मलबे के नीचे हथगोले का अंदेशा जताया है।

### बात करने लायक होने पर होगी सही जानकारी

बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि आमिर, गजाला और तूबा की हालत गंभीर बनी हुई है। अभी वे बोलने या बयान देने की हालत में नहीं है। होश में आने पर बयान दर्ज किए जाएंगे। जिसमें ये जानकारी ली जाएगी कि ये बारूद कहां से और किस मकसद से आया।इंस्पेक्टर ने बताया कि बिल्डिंग के दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिनकी फुटेज पुलिस ने चेक कर ली है। धमाके के पहले और बाद में कोई भी बिल्डिंग से निकलता नहीं दिखाई दिया, जिससे ये बात साफ हो गई कि कोई गन पाउडर रखकर तो नहीं गया है।

### मलबा उठाने को लिखा लेकिन जेई तैयार नहीं

बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम को मकान का मलबा गिराने और उसे समेटने के लिए पत्र लिखा गया है लेकिन नगर निगम के जेई ने अभी मलबा गिराने और उठाने से इन्कार कर दिया है। असल में बिल्डिंग के बेहद जर्जर होने के कारण मलबे के मामले में कोई विभाग हाथ नहीं डालने को तैयार है। इंस्पेक्टर ने बताया कि जल्द ही नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बिल्डिंग गिराने और मलबा समेटने के लिए कहा जाएगा। मलबा समेटने के बाद दोबारा फोरेंसिक टीम और केमिकल व विस्फोटक विशेषज्ञ से जांच कराई जाएगी।


!! 75 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !!
प्रकाश तिवारी
ब्यूरो चीफ अमृत विचार
कुलदीप शुक्ला
संवाददाता फतेहपुर चौरासी
मोनू मिश्रा
अतुल मिश्रा
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
मिथिलेश जायसवाल
चेयरमैन, फतेहपुर चौरासी
अखिलेश शुक्ला 'लकी'
समाजसेवी
अवधेश दीक्षित
समाजसेवी
अवधेश राजपूत
पूर्व प्रधान एफ.84 ग्रामीण
समस्त क्षेत्रवासियों को
75 वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अपूर्वा दुबे
जिलाधिकारी उन्नाव
ऋषि राज
मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव
डॉ. राम मोहन मीणा
आईएएस, जिला पंचायत राज अधिकारी
साक्षी जी महाराज
सांसद, उन्नाव
श्रीकान्त कटियार
विधायक, बांगरमऊ
मनोज निषाद
ब्लाक प्रमुख
फतेहपुर चौरासी
हेमन्त कुमार
सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)
फतेहपुर चौरासी
अनिल कुमार सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
फतेहपुर चौरासी
अमित पटेल
विवेक कुमार
रजत अवस्थी
शैलेन्द्र त्रिपाठी
गरिमा शुक्ला
शुभम वर्मा
कल्पना शर्मा
गंगा बक्स भारती
अभय सिंह
महेन्द्र शाहू
अभिनव अवस्थी
प्रशांत शुक्ला
विभय श्रीवास्तव
सम्मानित ग्राम प्रधान
विकास खण्ड– फतेहपुर चौरासी, जनपद– उन्नाव
संध्या देवी
गंगादासपुर
श्रीमती मालू
शकूराबाद
रंजना पाण्डेय
गौरीमऊ
बीनू सिंह
फिरोजपुर खुर्द
किरन शुक्ला
मझेरिया कला
प्रियंका भारती
रुस्तमपुर
श्रीमती रेशमा
बरौंकी
जानकी देवी
कुड़ीना
टिकाना
माया देवी
फतेहपुर चौरासी ग्रा.
जितेन्द्र
सादुल्लापुर
पुत्तीलाल गौतम
फकरापुर
राकेश कुशवाहा
सूसूमऊ
संतोष यादव
प्र.कटिघरा
संजय कुमार
शेरपुर अछिरछा
राधेश्याम पाल
खैरी गुरदासपुर
मो. रफीक
पट्टी हमीद
रोशन
जाजामऊ ए.
गोविंद पाण्डेय
खानपुर कुरौली
जमुनाधर
प्र. जसरा मारूफपुर
मोहन
खेवरई
राजनारायण
तालिबपुर रहली
सोनू शुक्ला
पट्टी उस्मान
अजय सिंह
मोहिद्दीनपुर
राजकुमार
हरदासपुर
रामखेलावन
प्र.पतौली
संजय
सेल्हापुर
आरिफ
सैंता
रोशन
इस्माइलपुर नौगवां
सर्वेश
अहमदाबाद सेननगर
हरि करधरन
रज्जाकपुर
रणधीर सिंह
अटिया कबूलपुर
इशरत अली
दौलतपुर
रामरतन
भडसर नौसहरा
दिलीप सिंह
मतलबपुर
घनश्याम
तकिया निगोही
जितेन्द्र कुशवाहा
तकनीकि सहायक
संगीत
कम्प्यूटर ऑपरेटर
दिनेश कुमार
तकनीकि सहायक
विकास अवस्थी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
सौजन्य से– विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी, जनपद–उन्नाव


समस्त नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पवन पांडे
"नातेदार"
जिला उपाध्यक्ष
राष्ट्रीय गौ रक्षक दल
उन्नाव


समस्त नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अवधेश कटियार
जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी-उन्नाव


HAPPY 26 JANUARY REPUBLIC DAY
75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बाँगरमऊ परिशिष्ट


RS Group of Education
26TH JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
R. S. GROUP OF EDUCATION
BANGARMAU UNNAO WISHES YOU A
VERY HAPPY REPUBLIC DAY
9415533274 www.rseducation.in Follow & Share


अंशिका फिलिंग स्टेशन
जगटापुर – बाँगरमऊ, उन्नाव
सहयोगी प्रतिष्ठान
कैलाश फिलिंग स्टेशन
रानीपुर ग्रंट, बाँगरमऊ सण्डीला मार्ग
अविनाश शर्मा
प्रो.
कृपया दो पहिया वाहनों में हेलमेट व चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सुरक्षित रहें क्योंकि - जीवन अनमोल है।


समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार
ग्राम प्रधान लहरू, ब्लाक औरास, उन्नाव


समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप सिंह राठौर
विकासखंड नवाबगंज, उन्नाव


RDS GROUP OF SCHOOLS
BEST SCHOOL IN BANGARMAU, UNNAO
GROUP OF SCHOOLS
ADMISSIONS OPEN 2024-25
CALL 8853255479 FOR ADMISSION
26 JAN 2024
26 january
Republic Day
A thousand salutes to this great nation of ours.
May it become even more prosperous and great.
Locate Our Branches
Follow Us:
RRDS INTER COLLEGE
(AFFILIATED TO UP BOARD)
NEW KATRA BANGARMAU- UNNAO
rdsgroupofschools.org
TINY LAND PRE-SCHOOL
TAKIYA CHAURAHA, BANGARMAU UNNAO
+918853255479
RDS MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
(AFFILIATED TO ICSE BOARD)
NEW KATRA BANGARMAU- UNNAO


समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रतिमा बाजपेई प्रधान
संदीप बाजपेई प्रधान प्रतिनिधि
आशीष कुमार पटेल
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- कमलापुर ब्लॉक - बांगरमऊ, उन्नाव


समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीराम यादव एडवोकेट
अध्यक्ष, ग्राम प्रधान संघ
ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत- तनियापुर, विकास खंड- बांगरमऊ, उन्नाव
सौजन्य से :- यदुनाथ सिंह, गंगा चरन,गिरजा शंकर, श्याम सुंदर,शिवराम,राम औतार गौतम, शिवशंकर राठौड़, डॉ राजेन्द्र, अंसार अहमद,तारा सिंह, श्याम मोहन, हरीलाल गौतम, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, जय गुरुदेव पाल, राकेश गौतम, कैलाश गौतम,राम औतार यादव, बिहारी लाल, राम किशोर, लक्ष्मी शंकर, छत्रपाल गौतम व रामचंद्र गौतम आदि सहित समस्त सम्माननीय ग्रामवासी गण।


समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुभाष गौतम
ग्राम पंचायत अधिकारी
आरती देवी ग्राम प्रधान
अमित दिवाकर प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत – भगवंतपुर गोटपाली ब्लॉक – बांगरमऊ, उन्नाव


समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आरिफ जमा प्रधान प्रतिनिधि
आशीष कुमार पटेल
ग्राम पंचायत अधिकारी


हमारे राम आ गये
विकसित भारत - मोदी की गारंटी
चलो अयोध्या धाम
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकान्त कटियार
विधायक बाँगरमऊ

# स्कूटी भिड़ीं, पिता-पुत्री की मौत, भांजी घायल

## एक ही स्कूटी पर सवार थे तीनों, दूसरी स्कूटी का चालक भागा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारासगवर थाना क्षेत्र के ऊंचगाव-लालकुआं मार्ग पर दो स्कूटी आमने-सामने टकरा गईं। जिसमें एक स्कूटी पर सवार पिता-पुत्री व भांजी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को बीघापुर सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने जांच के बाद पिता-पुत्री को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल भांजी को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। दूसरा स्कूटी चालक वाहन छोड़कर भाग निकला।




बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के छूलिहा गांव निवासी सरजू रावत पुत्र बाबू बेटी अंजु (36) पत्नी सत्य नारायण निवासी गयाबक्श खेड़ा बारासगवर अपनी भांजी सुमन पासवान (19) निवासी बैदरा को लेकर ऊंचगांव जा रहे थे। बारासगवर क्षेत्र के परौरी गांव के गेट के पास सामने से आए एक अन्य स्कूटी चालक सरजू की स्कूटी से टकरा गया। अचानक हुई टक्कर से पिता-पुत्री व भांजी सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। दूसरा चालक मौके पर स्कूटी छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बीघापुर स्थित अस्पताल भेजा। जहां मौजूद सीएमएस डा. आरके रमन ने सरजू, उसकी बेटी अंजू को मृत घोषित कर दिया। घायल भांजी सुमन पासवान पुत्री नरेश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। अंजू का पति मुंबई में मजदूरी करता है। उसके तीन बेटे व एक बेटी है। पिता-पुत्री की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसओ दिलीप प्रजापति ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, स्कूटी छोड़कर भागे युवक का पता लगाया जा रहा है।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर हाई-अलर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गणतंत्र दिवस को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हाई अलर्ट है। जिसके चलते गंगाघाट स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से ट्रेनों में बैठे संदिग्धों से पूछताछ की और उनके सामान की चेकिंग की। इसके साथ ही नगर के प्रमुख चौराहों व तिराहों सरकारी संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

26 जनवरी को देखते मरहला चौराहा, बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, नेशनल हाइवे, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, कंचन नगर मोड़ समेत तमाम स्थानों पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति के निर्देश पर फोर्स तैनात किया गया है। अचानक भारी फोर्स देख लोगों में चर्चाएं होने लगीं। वहीं गंगाघाट स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी और आरपीएफ ने यात्रियों की सघन चेकिंग की। स्टेशन पर रूकने वाली ट्रेनों में बैठे यात्रियों की जांच पड़ताल की और संदिग्धों से पूछताछ की।

# ठेकेदार के घर से 19 लाख के जेवर चोरी

- फील्ड यूनिट टीम और डाग स्क्वायड ने पहुंचकर की जांच
- सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी उठा ले गए शातिर चोर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले में ठेकेदार के सुने घर का ताला व अलमारी तोड़कर चोर करीब 19 लाख के जेवर और नगदी चोरी कर ले गए। चोर जाते समय डीवीआर भी ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट, डाग स्क्वायड ने जांच की। फिलहाल चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा है।

आदर्श नगर मोहल्ला निवासी नागेंद्र तिवारी सिविल ठेकेदार है। स्कूल में बच्चों की छुट्टियां होने से उनकी पत्नी बच्चों के साथ मायके व अन्य लोग गांव चितलापुर गए थे। नागेंद्र किसी काम से घर में ताला बंदकर बुधवार को लखनऊ चले गए। रात में चोरों ने मेनगेट का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हुए। दरवाजों में लगे ताले नहीं टूटे तो खिड़की में लगा कांच तोड़कर चोर कमरों के अंदर दाखिल हुए। जहां अलमारी व बक्से के ताला तोड़कर 90 हजार नगद व 19 लाख के जेवर ले गए। शातिर चोर सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी ले गए। गुरुवार सुबह लौटे गृह स्वामी ने मेनगेट का ताला टूटा देखा तो वह सकते में आ गए। अंदर कांच टूटा पड़ा था। दरवाजा खोलकर कमरे का हाल देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। रुपये और नगदी गायब थी। लाखों की चोरी की सूचना पर एसएचओ पहुंचे। खोजी कुत्ता घर के पास बन रहे सरकारी भवन तक जाकर लौट आया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। एसएचओ पीके मिश्र ने बताया कि चोरी हुई है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी भी बंद मिले हैं। मामले की जांच चल रही है।



चोरों द्वारा फैलाया गया सामान। अमृत विचार



जांच करती डाग स्क्वाड टीम।

### घर में घुसे चोर को दबोचा

**पुरवा।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के चिन्ना खेड़ा निवासी शिववती पत्नी रामबहादुर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार रात घर के सभी लोग सो रहे थे। तभी घर में चलने की आहट पर नींद खुल गई। चोरों की आहट पाकर उसने शोर मचाया। इस पर दो चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए, जबकि एक को लोगों ने पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और चोर को कोतवाली ले गई। पीड़िता ने बताया चोर एक जोड़ी झुमके व 4000 रुपये उठा ले गए है।

# पेड़ से फांसी लगाकर दो युवकों ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के पंचमखेड़ा गांव में एक युवक ने घर के पीछे पेड़ पर फंदे से लटक कर जान दे दी। वहीं बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक का शव भी फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



बबलू।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के सिमरा गांव के मजरा पंचम खेड़ा निवासी सीताराम रैदास का बेटा बबलू (35) चंडीगढ़ में मजदूरी करता था। बीमारी के चलते वह छह माह पूर्व गांव लौटा था। इसके बाद से वह लखनऊ में मजदूरी कर परिवार का खर्च चला रहा था। बुधवार शाम वह काम से लौटा और रात करीब साढ़े 10 बजे घर से निकल गया। वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो शव घर के पास लगे चिलवल के पेड़ पर गमछे से लटका मिला। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव उतरवाकर मोर्चरी भेजा। उसके पिता ने बताया वह पांच बेटों में बड़ा था। सभी बेटे चंडीगढ़ में काम करते हैं। बेटे की मौत से वृद्ध मां सावित्री व उसकी पत्नी राजवती सदमे में है। उसके सामने बच्चों की परवरिश का संकट आ गया है।

उधर, बांगरमऊ कोतवाली के नेवल गांव के मजरा हीरामन पुरवा निवासी संदीप पाल (35) मजदूरी करता था। शराब का लती होने से वह अपनी कमाई नशे में उड़ा देता था। इसके चलते उसकी शादी भी नहीं हुई थी। गुरुवार सुबह वह घर से निकला और करीब 11 बजे उसका शव खेत में लगे आम के पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने शव लटका देख परिजनों को सूचना दी। बड़े भाई संजय ने पुलिस को बताया कि भाई मानसिक बीमार था। पूरे दिन वह शराब के नशे ही रहता था। पिता रामविलास की मौत के बाद से वह मां पवन कुमारी के साथ घर पर रहता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। एसएचओ राजकुमार ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इससे उसने आत्महत्या कर ली।

# दुकान व घर में लगी भीषण आग

- अचलगंज क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स दुकान में लाखों के उपकरण राख
- आसीवन में कच्चे घर में लगी आग से नगदी और गृहस्थी का सामान जला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के लोहचा गांव में बुधवार रात शार्ट सर्किट से लगी आग में लाखों के इलेक्ट्रानिक उपकरण जल गए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव में लगी आग से नकदी समेत गृहस्थी का सामान राख हो गया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया।

अचलगंज के लोहचा गांव निवासी जितेंद्र कुमार के मकान में ही उनकी इलेक्ट्रानिक की दुकान है। उसी घर में वह परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार रात करीब 12 बजे शार्टसर्किट से दुकान में आग लग गई। लपटें उठती देख पड़ोसियों ने जितेंद्र को घटना की सूचना दी। तब तक आग की लपटें मकान के पिछले हिस्से तक पहुंच गईं। दहशतजदा परिवार घर से बाहर आ गया। पड़ोसियों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंची। सबमर्सिबल से आग बुझाने का प्रयास शुरू हुआ, लेकिन बढ़ती आग को देख दमकल विभाग को जानकारी दी गई। दो गाड़ियां पहुंचने के बाद तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पड़ितत के मुताबिक शार्टसर्किट से आग लगने का अनुमान है। जिससे करीब लाखों के उपकरण जले हैं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्टसर्किट से आग लगने का अनुमान है। जांच की जा रही है।



आग से गृहस्थी जलने के बाद गमगीन परिवार। अमृत विचार

उधर, आसीवन थानाक्षेत्र के गौरा कला गांव के मजरा बालाखेड़ा निवासी अनिल पुत्र रामपाल सिंह परिवार के साथ तिरपाल की झोपड़ी बनाकर रहता है। वहीं छप्पर के नीचे वह दुधारू मवेशी भी बांधता है। बुधवार देररात छप्पर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें देख पड़ोसी दौड़े और निजी संसाधनों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखे 10 हजार रुपये और गृहस्थी का सामान जल गया। जिसमें कपड़ों व जेवर के अलावा अनाज भी शामिल था। पीड़ित के अनुसार करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। छप्पर के नीचे बंधा मवेशी भी झुलस गया है। वहीं अग्निकांड की सूचना के बाद भी कोई तहसील कर्मी पीड़ित के घर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

## दबंगों ने प्रधान समर्थक को घर में घुसकर पीटा

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में प्रधान से खुन्नस खाए दबंगों ने साथियों संग प्रधान समर्थक के घर पर धावा बोल दिया। शोर सुनकर बचाने गए तीन लोगों को दबंगों ने जमकर पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद व 10 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के पीखी गांव निवासी वसीक अमहद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव में ग्राम पंचायत से जुड़े एक मामले की जांच करने टीम आई थी। जिसमें सीवीओ, ग्राम प्रधान हसीबुद्दीन व ग्राम विकास अधिकारी उत्तर अवस्थी को भी बुलाया गया था। जांच के बाद से खुन्नस खाए बैठे शिकायतकर्ता मेराज व सोनू पुत्र मुमताज व गांव के सादेकार पुत्र इसरार, नजम पुत्र अब्दुल कलाम, अरमान पुत्र मुन्ना, वसीम पुत्र हकीक अहमद अपने 10 अज्ञात साथियों के साथ उसके घर पर चढ आए और गालीगलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो लाठी-डंडे से पीटने लगे। वह किसी तरह जान बचाकर घर में घुस गया और शोर मचाया। शोर सुन बचाने आए परिवार के चांद आलम व मुन्ना को भी उन लोगों ने पीट दिया।

# पौष पूर्णिमा पर गंगा में लगाई डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पौष पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार भोर पहर से गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का अवागमन लगा रहा। सुबह के समय कोहरे की धुंध छाई रही, इसके बावजूद आस्था भारी दिखी। लोगों ने घाट पर गंगा स्नान करने के बाद मां गंगा की पूजा अर्चना कर पंडों को दान भी दिया और साथ घाटों पर भगवान सत्यनारायन की कथा भी सुनीं।

पौष पूर्णमासी के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई समेत तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगातट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं शाम को नित्य गंगा आरती सेवा समिति ने शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे।



पूर्णिमा पर सुबह के समय गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## तिरंगे की सजीं दुकानें सजाई गईं इमारतें

**शुक्लागंज।** गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी मार्ग समेत अन्य स्थानों पर गुरुवार को लोग झंडा खरीदते नजर आए। वहीं क्षेत्र में जगह-जगह दुकानें सजी हैं। दुकानों पर केसरिया, सफेद और हरे रंग के बने समान सजे हैं। पगड़ी और बच्चों की ड्रेस आकर्षण का केंद्र है।

गणतंत्र दिवस के कारण राजधानी मार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, ऋषि नगर समेत कई स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज की दुकानें सजी हैं। छोटे बच्चों में झंडा खरीदने के प्रति उत्साह है। दुकानों पर तिरंगे, टोपियां, कैप, झंडे, बैज के अलावा तिरंगा पगड़ी और बच्चों की तिरंगा ड्रेस भी है। नगर में गणतंत्र दिवस को लेकर देशभक्ति का माहौल है।



हाइवे पर लगा जाम फंसे वाहन। अमृत विचार

## कार में ट्रक ने मारी टक्कर, लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार शाम हाइवे स्थित जाजमऊ पुल पर अनियंत्रित ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे हाइवे पर भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को पुल से बाहर निकलवाया। जिसके बाद जाम हट सका। वहीं बैराज मार्ग पर भी पूरे दिन रुक-रुककर जाम लगने से राहगीर परेशान रहे। लखनऊ से कानपुर जा रहा एक ट्रक ने गुरुवार शाम करीब चार बजे जाजऊ पुराने यातायात पुल पर आगे चल रही कार में टक्कर मार दी। जिससे वाहन चालकों में विवाद हो गया। इस दौरान दोनों क्षतिग्रस्त वाहन सड़क पर खड़े होने से बड़े वाहन नहीं निकल सके और लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची पुलिस ने दोनों वाहन चालकों को समझाया बुझाया। जिसके बाद क्षतिग्रस्त वाहन हटाये गये।

**मुकाबला** | उत्तर प्रदेश दिवस पर जिला स्तरीय बालिका कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता कराई गई, आज होगी क्रास कंट्री दौड़

# खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का दिखा दम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला प्रशासन व जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा व उत्तर प्रदेश दिवस पर जिला स्तरीय बालिका कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की आठ टीमों ने और इसी तरह खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग की आठ टीमों के बीच मुकाबला हुआ।

खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस आरआई नेक मोहम्मद खान ने कराया। बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच नवाबगंज व राइजिंग स्टार टीम के खेला गया। इसी तरह दूसरा सेमीफाइनल स्टेडियम बनाम उन्नाव योद्धा टीमों के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला स्टेडियम व नबाबगंज टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें नबाबगंज की टीम विजेता एवं स्टेडियम की टीम उपविजेता बनी। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में फाईनल मैच पैट्रियाट पब्लिक स्कूल व पैट्रियाट इंटर कालेज के मध्य हुआ, जिसमें पैट्रियाट की टीम विजेता रही। इसी तरह उत्तर प्रदेश दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक वर्ग में जिला स्तरीय कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ।बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल शुक्लागंज वारियर्स बनाम सिकंदरपुर के मध्य खेला गया। दूसरा सेमीफाईनल शुक्लागंज हन्टर्स बनाम जैतीपुर के मध्य खेला गया। फाइनल में सिकन्दपुर बनाम शुक्लागंज हन्टर्स के मध्य खेला गया, जिसमें फाईनल मैच सिकन्दपुर ने 07-05 के अंतर से जीता। बालक वर्ग की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मुकाबला आशियाना थंडरर्स बनाम यूनाईटेड कबड्डी क्लब के मध्य खेला गया। दूसरा सेमीफाईनल मुकाबला उन्नाव योद्धा बनाम राईजिंग स्टार के मध्य खेला गया। फाइनल में आषियाना थंडररर्स बनाम उन्नाव कबड्डी योद्धा के मध्य खेला गया, जिसमें आशियाना टीम 28-20 के अंतर से विजेता रही।


शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर क्रास कंट्री दौड़ आयोजित होगी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में श्री कृष्ण प्रताप सिंह, स्वाति सिंह, विपिन पाल, श्रद्धा सोनकर, शशिकांत, शिवानी व मनोज ने दायित्व निर्वहन किया। इस दौरान प्रीति खरे, विकास अवस्थी, आनंद मोहन, कुशमेश कुमार, सोमप्रकाश, रामसेवक, राजू व मोहित आदि ने प्रतियोगिता आयोजन में सहयोग किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद आरआई नेक मोहम्मद खान व अन्य। अमृत विचार

### यूपी अंडर-14 क्रिकेट में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा सुयश

**उन्नाव।** डीसीए के बैनर तले अपनी प्रतिभा निखारते रहे शहर के समीपवर्ती आटा बंथर गांव निवासी सुयश सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह यूपी की अंडर-14 टीम में न सिर्फ चयन हुआ है, बल्कि लखनऊ कैंप से गुरुवार को उन्हें टीम के साथ रायपुर रवाना कर दिया गया है, जहां यूपी टीम का पहला मुकाबला शुक्रवार को भिलाई स्टेडियम में विदर्भ की टीम से होगा। यह जानकारी देते हुए डीसीए महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम के लिए डीसीए खिलाड़ी का चयन होने को लेकर सभी उत्साहित रहे और गुरुवार को डीसीए पदाधिकारी उसे लखनऊ छोड़ने पहुंचे, जहां 7 .35 बजे की फ्लाइट से टीम कूच कर गई। डीसीए महासचिव के मुताबिक चयनित खिलाड़ी डीसीए की ओर से आयोजित अलग-अलग आयु वर्ग की लीग प्रतियोगिताओं में लगातार जबर्दस्त प्रदर्शन करता आ रहा था। इसीलिए यूपीसीए के सचिव अरविंद कमल की सलाह पर प्रतिभावान खिलाड़ी को अधिक से अधिक मैच खेलने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा था। वह न सिर्फ बल्लेबाज के तौर समयानुकूल फैसले के तहत गेंद खेलता है, बल्कि क्षेत्ररक्षण के दौरान दुर्लभ कैच लपक कर प्रतिद्वंद्वी टीम का स्कोर न्यूनतम रखने में कोई कसर नहीं उठा रखता है। चयनित खिलाड़ी को डीसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी, नवीन सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव शंकर , संजय श्रीवास्तव, राज कुमार यज्ञसेनी, पियूष मिश्रा, ओम मिश्रा, विकास सिन्हा, मंजूलता अवस्थी, प्रत्यूष मिश्रा व राकेश अस्थाना आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।



सुयश सिंह।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम को संबोधित करते वीरेन्द्र शुक्ला। अमृत विचार

### जरूरतमंदों की मदद करेगा योद्धा ग्रुप

**शुक्लागंज।** पोनी रोड स्थित प्रेमनगर में योद्धा ग्रुप चैरिटी फंड की ओर से एक कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी व सपा नेता वीरेन्द्र शुक्ला ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि यह ग्रुप 24 घंटे जरूरतमंदों की मदद करेगा। जिससे लोगों को राहत मिलेगी। चैरिटी की विमला मिश्रा, विजय चौधरी ने बताया कि अप्रैल माह से संस्था पूरी तरह काम करेगी। बताया कि मोबइल रिचार्ज, पेट्रोल खत्म, घर में सिलेंडर, बच्चों की फीस जमा करना, हाउस टैक्स, बाहर से दवाइयां मांगना, घर का राशन लाना, शादी, पार्टी, त्योहार व ईएमआई जमा कराने में सहायक होगी।

### परंपरागत ढंग से मनाया यौमे पैदाइश

**उन्नाव।** हजरत अली की यौमे पैदाइश पर शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों में खासी गहमागहमी रही। लोगों ने घरों में पकवान तैयार कराए। साथ ही नजर नियाज़ फातिहा पढ़ा गया। यौमे पैदाइश को लेकर बीते कई दिनों से तैयारियां जारी थीं। घरों सहित धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई जारी थी। साथ ही लोग पकवान आदि तैयार कराने की तैयारियों में लगे थे, जिससे इस खास मौके पर परिवार के अलावा नजदीकी रिश्तेदारों व दोस्तों आदि को बुलाया जा सके। इसीलिए गुरुवार को मुस्लिम बस्तियों सहित शहर के बाजारों में आम दिनों से अधिक भीड़ रही। बड़ों के साथ बच्चे व महिलाएं नए कपड़ों में नजर आ रहे थे। इस दौरान अधिकांश घरों में नजर नियाज़ फातिहा पढ़ाया गया।




मतदाता जागरूकता रैली निकालते अंबिका के छात्र। अमृत विचार

### मतदाता दिवस पर अंबिका के बच्चों ने निकाली रैली

**शुक्लागंज उन्नाव।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस को देखते हुये गुरुवार को राजधानी मार्ग स्थित अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली गई। जहां बच्चों रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। गुरुवार को अंबिका प्रसाद के बच्चों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली। जहां स्कूल के प्रबन्धक अजय त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डेफिनी लेम्यूर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जहां बच्चों ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली का समापन विद्यालय परिसर में हुआ। जहां प्रधानाचार्या ने छात्रों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की उपयुक्तता को बताते हुए शपथ भी दिलाई। प्रबंधक ने कहा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि मतदान खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### मतदाता दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में मतदाता दिवस पर गुरुवार को मतदाता जागरुकता गोष्ठी हुई। जिसके बाद मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। गोष्ठी को संबोधित करते विद्यालय के प्रबंधक रिज़वान अहमद ने मौजूद लोगों से कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अति आवश्यक है। हम सभी देशवासियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि मतदान के दिन सभी काम छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में योगदान दें। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने की अपील की। जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उपप्रधानाचार्य अंजू बाजपेई, आमिर अहमद मौजूद रहे।

### विनोद हत्याकांड में परिजनों की सुरक्षा में पीएसी तैनात

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी किसान नेता की हत्या के बाद इधर कई दिनों से सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात रही। इधर परिवार को धमकियां मिल रही थी। इसके अलावा गणतंत्र दिवस को देखते हुए मृतक के घर के पीएसी तैनात की गई है। चंपापुरवा निवासी भाकियू नेता विनोद कश्यप की 14 जनवरी को हिस्ट्रीशीटर काले खां ने हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आरोपी के घर के बाहर और मृतक के घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात थी। इधर परिजनों को आरोपी की ओर से धमकियां मिल रही थी। जिस पर मृतक की बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया और अपनी परीक्षाएं भी नहीं दी। वहीं गणतंत्र दिवस को देखते हुये एसपी के निर्देश पर मृतक के घर के बाहर पीएचसी तैनात की गई हैं।

### 14 घंटे प्रभावित रहा रेल संचालन, एफआईआर दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार दोपहर सहजनी क्रासिंग के आगे केबिल कटने के कारण 14 घंटे तक रेल संचालन प्रभावित रहा। गुरुवार भोर पहर मरम्मत होने के बाद रेल संचालन सामान्य हो सका। आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ केबिल काटने का संगीन मामला दर्ज किया है। बुधवार दोपहर करीव दो बजे गंगाघाट स्टेशन के सिग्नल पैनल प्रणाली में ब्लाक सिस्टम फेल हो गया था। जिस पर देर रात एडीएसटी अनुराग श्रीवास्तव, एसएमई टेलीकॉम सुख सागर, एसएमई सिगनल राजू श्रीवास्तव, धीरेन्द्र कुमार समेत अन्य रेल कर्मचारियों ने कानपुर लखनऊ रेल रूट पर फाल्ट की पेट्रोलिंग की। जहां सहजनी क्रासिंग के आगे केबिल कटी मिली। आरपीएफ कार्यवाहक प्रभारी एसआई गुप्तार सिंह ने बताया कि रेलवे एक्ट 174 के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकाल बच्चों को किया पुरस्कृत

**पुरवा उन्नाव।** मतदाता दिवस पर गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर एसडीएम रनवीर सिंह की मौजूदगी में एनसीसी कैडेट्स मौरावां के 25 बच्चों ने तहसील से मिर्री चौराहा तक रैली निकली। साथ ही चित्रकला, निबंध, श्लोगन प्रतियोगिता के बच्चों को पुरुस्कृत किया किया। एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची में नाम होने पर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। सीओ सोनम सिंह ने कहा कि एनसीसी के बच्चों से कहा कि लक्ष्य पाने को सपना बड़ा देखें और लगन के साथ पढ़ें।

